# अभ्यास प्रश्न पत्र- 3

## कक्षा- 10

## सामाजिक विज्ञान

समय-3 घंटे

पूर्णांक-80

1. यह प्रश्न पत्र पाँच खंडों में विभाजित है- खंड क, खंड ख, खंड ग, खंड घ, और खंड ङ
2. इस प्रश्न पत्र में कुल 32 प्रश्न हैं।
3. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक चयन उपलब्ध हैं। उनमें से किसी एक प्रश्न को हीं करें।
4. प्रश्न के सामने अंक लिखे हुए हैं।
5. प्रश्न संख्या 1 से 16 अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
6. प्रश्न संख्या 17 से 22 प्रत्येक 3 अंकों के हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
7. प्रश्न संख्या 23 से 26 , स्रोत आधारित प्रत्येक 4 अंकों के हैं।
8. प्रश्न संख्या 27 से 31, प्रत्येक 5 अंकों के हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
9. प्रश्न संख्या 32 एक मानचित्र आधारित प्रश्न (5 अंकों का) है जिसके दो भाग- 32A -इतिहास (2 अंक) और 32 B-भूगोल (3 अंक) है।
10. मानचित्र आधारित प्रश्न संख्या 32 एवं कुछ चित्रा आधारित प्रश्नों के स्थान पर दृस्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए अलग से प्रश दिये गए हैं।

### खंड 'क'

1. 1815 में वियना कांग्रेस की मेजबानी निम्नलिखित में से किसने की थी?
   क) नीदरलैंड के राजा
   ख) मैजिनी
   ग) ड्यूक मेटरनिक
   घ) ऑटोमन बिस्मार्क
2. नीचे दिए हुए प्रश्न में दो वाक्य दिए गए हैं। उसमें से एक संकल्पना है और दूसरा कारण। वाक्यों को ध्यान से पढ़ें और सही उत्तर का चुनाव करें।
   संकल्पना: अ - महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन वापस ले लिया।
   कारण: ब - गोरखपुर स्थित चौरी-चौरा में एक शांतिपूर्ण जुलूस ने हिंसक रूप ले लिया।
   विकल्प:
   क) अ और ब दोनों सही है। ब, अ की सही व्याख्या है।
   ख) अ और ब दोनों सही है। ब, अ की सही व्याख्या नही है।
   ग) अ सत्य है और ब असत्य है।
   घ) अ असत्य है और ब सत्य है।
3. जलोढ़ मिट्टी के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
   क) यह रंग में लाल और भूरा होता है।
   ख) यह बलुई और नमकीन होता है।
   ग) यह उपजाऊ मिट्टी है और इसमें प्रचुर मात्रा में खनिज होते हैं।
   घ) सभी कथन सत्य है।
4. किसी भी देश का विकास सामान्य तौर पर निर्धारित किया जा सकता है ।
   क) प्रति व्यक्ति आय के आधार पर
   ख) औसत शिक्षा दर के आधार पर
   ग) लोगों के स्वास्थ्य के आधार पर
   घ) उपरोक्त सभी
5. बहुदलीय व्यवस्था से आप क्या समझते हैं?
6. निम्नलिखित कथन सत्य है या असत्य:
   पारादीप गहरे पानी का प्राकृतिक बंदरगाह है जो भारत के पश्चिमी तट पर अवस्थित है। (सत्य/असत्य)

7. खाली स्थान को भरें:
वह कंपनी जो एक से अधिक राष्ट्र में उत्पादन को नियंत्रित करती है.............................. कहलाती है

8. निम्नलिखित में से कौन सा विषय राज्य सूची के अंतर्गत आता है?
1. रक्षा  2. कानून एवं व्यवस्था  3. संचार  4. व्यापार
क) सिर्फ 1
ख) सिर्फ 2 एवं 4
ग) सिर्फ 2
घ) सिर्फ 1 एवं 2

9. गेहूं का उत्पादन किस फसल ऋतु में किया जाता है?
अथवा
किसी एक खरीफ फसल का नाम बताएं।

10. ध्वनि प्रदूषण रोकने का कोई एक उपाय बताएं।
अथवा
वायु प्रदूषण रोकने का एक उपाय बताएं।

11. हृदय प्रत्यारोपण के लिए मानव हृदय को दिल्ली से मुंबई ले जाया जाना है। आपके अनुसार परिवहन का कौन सा माध्यम इस तरह के आपातकालीन स्थिति में सबसे उपयुक्त हो सकता है?
अथवा
मान लें कि आपको अपने गृह राज्य जाना है ऐसे में आप परिवहन का कौन सा माध्यम चुनेंगे?

12. शफीक आइसक्रीम बेचते हैं लेकिन सर्दियों के महीने में उन्हें काम नहीं मिलता है । वह अपने घर वापस चले जाते हैं। गर्मियों के महीने में वह फिर से आइसक्रीम बेचने के लिए शहर वापस आते हैं। क्या आप बता सकते हैं कि शफ़ीक़ किस प्रकार के बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं?

13. लोकतंत्र के लिए किस प्रकार के दलीय व्यवस्था को उपयुक्त माना जाता है?

14. 1970 से 1993 के बीच बेल्जियम के संविधान में कितने संशोधन किए गए थे?

15. हमारे संविधान के अनुसार समवर्ती सूची में शामिल विषयों पर किसे कानून बनाने का अधिकार है?

16. बहुसंख्यकवाद से आप क्या समझते हैं?

## खंड 'ख'

17. सत्याग्रह के बारे में गाँधीजी के विचार की व्यख्या कीजिए।

18. लोकतंत्र, टकराव को कम करने अथवा खत्म करने के लिए किस प्रकार के उपाय करती है?

19. प्रौद्योगिकी एवं आर्थिक विकास किस प्रकार संसाधनों के अधिक उपभोग को बढ़ावा देती है?
अथवा
"पर्यावरणीय ह्रास का प्रभाव राष्ट्रीय सीमाओं को पार कर जाती है" व्याख्या करें ।

20. विकेंद्रीकरण किस प्रकार लोकतंत्र को मजबूत करती है? व्याख्या करें ।

21. सत्ता की साझेदारी किस प्रकार लोकतांत्रिक मूल्यों की अभिव्यक्ति है?

22. आपके हिसाब से ज्यादा महत्वपूर्ण क्या है- सड़क परिवहन या रेल परिवहन? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए ।
अथवा
पर्यटन एक उद्योग या व्यापार के रूप में अर्थव्यवस्था के विकास में मदद कर सकता है। इस वाक्य की व्याख्या करें ।

## खंड 'ग'

### स्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

23. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

फ्रांसीसी दार्शनिक अन्स्र्ट रेनन (1823-92) ने 1882 में सॉबॉन (Sorbonne) विश्वविद्यालय में दिए एक व्याख्यान में राष्ट्र की अपनी समझ को प्रस्तुत किया। बाद में यह व्याख्यान एक प्रसिद्ध निबंध के रूप में छपा जिसका शीर्षक था (Qu'est-ce qu' une nation? राष्ट्र क्या हैं?) इस निबंध में रेनन अन्य लोगों द्वारा प्रस्तावित इस विचार की आलोचना करता है कि राष्ट्र समान भाषा, नस्ल, मार्म या क्षेत्र से बनता है। एक राष्ट्र लंबे प्रयासों, त्याग और निष्ठा का चरम बिंदु होता है। शौर्य–वीरता से युक्त अतीत, महान पुरुषों के नाम और गौरव – यह वह सामाजिक पूंजी है जिस पर एक राष्ट्रीय विचार आधारित किया जाता है। अतीत में समान गौरव का होना, वर्तमान में एक समान इच्छा, संकल्प का होना, साथ मिल कर महान काम करना और आगे, ऐसे काम और करने की इच्छा – एक जनसमूह होने की यह सबसे जरूरी शर्तें हैं। अतः राष्ट्रएक बड़ी और व्यापक एकता (Large-Scale Solidarity) है... उसका अस्तित्व रोज होने वाला **जनमत–संग्रह** है...। प्रांत उसके निवासी हैं अगर सलाह लिए जाने का किसी का अधिकार है तो वह निवासी ही है, किसी देश का विलय करने या किसी देश पर उसकी इच्छा के विरूद्ध कब्जा जमाए रखने में एक राष्ट्र की वास्तव में कोई दिलचस्पी होती नहीं है। राष्ट्र का अस्तित्व में होना एक अच्छी बात है, बल्कि यह एक जरूरत भी है। उनका होना स्वतंत्रता की गारंटी है और अगर दुनिया में केवल एक कानून और उसका केवल एक मालिक होता तो स्वतंत्रता का लोप हो जाएगा।

(i) एक राष्ट्र किसका चरम बिंदु होता है?
- क) प्रयास
- ख) त्याग
- ग) निष्ठा
- घ) उपरोक्त सभी

(ii) एक राष्ट्र अपने नागरिकों के लिए क्या सुनिश्चित करती है?

(iii) रेनन एक ..........दार्शनिक थे।

(iv) एक जनसमूह होने की आवश्यक शर्तें क्या है?

24. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों का सही उत्तर दें।

**स्वतंत्रता दिवस की शपथ, 26 जनवरी 1930**

'हमारा विश्वास है कि किसी भी समाज की तरह भारतीय जनता का भी यह एक अहरणीय (पदंसपमदंइसम) अधिकार है कि उन्हें आज़ादी मिले, अपनी मेहनत का फल मिले, और जीवन की सभी आवश्यकताएँ पूरी हों जिससे उन्हें आगे बढ़ने के परिपूर्ण अवसर मिलें। हमारा यह भी विश्वास है कि यदि कोई भी सरकार अपनी जनता को इन अधिकारों से वंचित रखती है और दबाती है तो जनता को भी सरकार को बदलने या उसे समूल समाप्त करने का अधिकार है। भारत में ब्रितानी सरकार ने न केवल भारतीय जनता को स्वतंत्रता से वंचित किया है बल्कि उसने जनता का शोषण किया है और देश को आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर नष्ट कर दिया है। इसलिए हमारा विश्वास है कि भारत को अनिवार्य रूप से ब्रिटेन के साथ अपने सभी संबंधों को समाप्त करके पूर्ण स्वराज प्राप्त करना चाहिए।'

(i) स्वतंत्रता दिवस की शपथ निम्नलिखित में से किस तारीख को ली गई थी?
   क) 26 जनवरी 1930
   ख) 26 जनवरी 1947
   ग) 26 जनवरी 1950
   घ) 26 जनवरी 1952

(ii) भारतीय जनता का अहरणीय अधिकार क्या है?

(iii) अंग्रेजी सरकार ने भारत में भारतीय लोगों को किन अधिकारों से वंचित रखा?

(iv) स्वतंत्रता दिवस की शपथ के अनुसार भारतीयों को क्या निश्चित रूप से हासिल करना चाहिए?

25. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों का सही उत्तर दें!

**संसाधनों का संरक्षण** - संसाधन किसी भी तरह के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परंतु संसाधनों का विवेकहीन उपभोग और अति उपयोग के कारण कई सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय समस्याएँ पैदा हो सकती हैं। इन समस्याओं से बचाव के लिए विभिन्न स्तरों पर संसाधनों का संरक्षण आवश्यक है। भूतकाल से ही संसाधनों का संरक्षण बहुत से नेताओं और चिंतकों के लिए चिंता का विषय रहा है। उदाहरणार्थ, गांधी जी ने संसाधनों के संरक्षण पर अपनी चिंता इन शब्दों में व्यक्त की है - **हमारे पास हर व्यक्ति की आवश्यकता पूर्ति के लिए बहुत कुछ है, लेकिन किसी के लालच की संतुष्टि के लिए नहीं। अर्थात् हमारे पास पेट भरने के लिए बहुत है लेकिन पेटी भरने के लिए नहीं।** उनके अनुसार विश्व स्तर पर संसाधन ह्रास के लिए लालची और स्वार्थी व्यक्ति तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी की शोषणात्मक प्रवृत्ति जिम्मेदार है। वे अत्यधिक उत्पादन के विरुद्ध थे और इसके स्थान पर अधिक बड़े जनसमुदाय द्वारा उत्पादन के पक्षधर थे।

(i) संसाधनों का विवेकहीन तथा अति उपयोग किस प्रकार की समस्या पैदा कर सकती है?
   क) सामाजिक समस्या
   ख) आर्थिक समस्या
   ग) पर्यावरणीय समस्या

घ) उपरोक्त सभी

(ii) "हमारे पास हर व्यक्ति की आवश्यकता पूर्ति के लिए सब कुछ है, लेकिन किसी के लालच के संतुष्टि के लिए नहीं।" किसने यह कहा था?

क) जवाहरलाल नेहरू
ख) महात्मा गांधी
ग) राजेंद्र प्रसाद
घ) विनोबा भावे

(iii) वैश्विक स्तर पर संसाधनों के ह्रास की मुख्य वजह क्या है?

(iv) पूर्व में हमारे चिंतकों और नेताओं की मुख्य चिंता क्या रही है?

26. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों का सही उत्तर दें ।

*रवि को यह अपेक्षा नहीं थी कि उसे एक उद्योगपति के रूप में अपने जीवन की छोटी अवधि में ही संकट का सामना करना पड़ेगा। रवि ने सन् 1992 में तमिलनाडु के एक औद्योगिक शहर होसुर में संधारित्रों का निर्माण करने वाली अपनी कंपनी शुरू करने के लिए बैंक से ऋण लिया। संधारित्रों का इस्तेमाल ट्यूबलाइटों, टेलीविजनों सहित अनेक घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में होता है। तीन वर्षों के भीतर वह अपने उत्पादन का विस्तार करने में सक्षम हो गया और उसकी कंपनी में 20 कर्मचारी काम करने लगे।*

*अपनी कंपनी चलाने में उसका संघर्ष तब प्रारंभ हुआ, जब सरकार ने सन् 2001 में विश्व व्यापार संगठन के समझौते के अनुसार संधारित्रों के आयात पर से प्रतिबंधों को हटा दिया। उसके मुख्य ग्राहकों में टेलीविजन कंपनियाँ थीं, जो टेलीविजन सेटों का निर्माण करने के लिए संधारित्रों सहित विभिन्न पुर्जे थोक में खरीदती और टेलीविजन सेटों का निर्माण करती हैं। किंतु बहुराष्ट्रीय कंपनियों के ब्रांडों से प्रतिस्पर्धा ने भारतीय टेलीविजन कंपनियों को बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए संयोजन-कार्य करने के लिए विवश कर दिया। उनमें से कुछ जब संधारित्र खरीदती थीं, तो वे इनका आयात करना पसंद करती थी, क्योंकि आयातित सामानों की कीमत रवि जैसे लोगों द्वारा निर्धारित कीमत से आधी होती थी।*

*अब रवि वर्ष 2000 में निर्मित संधारित्रों से आधे से भी कम संधारित्रों का निर्माण करता है और उसके लिए केवल सात श्रमिक काम कर रहे हैं। रवि के अनेक दोस्तों ने, जो हैदराबाद और चेन्नई में इसी व्यवसाय में थे, अपनी इकाइयाँ बंद कर दीं।*

(i) रवि को एक उद्योगपति के रूप में अपने जीवन की छोटी अवधि में ही संकट का सामना क्यों करना पड़ा?

(ii) सरकार ने संधारित्रों के आयात पर से प्रतिबंध किस वर्ष हटा लिया?

(iii) रवि के अन्य मित्र जो चेन्नई और हैदराबाद में इसी व्यवसाय में काम कर रहे थे उन्होंने अपनी इकाइयां क्यों बंद कर दी?

(iv) संधारित्रों का उपयोग किस उपकरण में होता है?

## खंड 'घ'

27. स्वयं सहायता समूह क्या है? गरीब एवं वंचित समूह से आने वाले लोगों को यह समूह किस प्रकार ऋण की सुविधा प्राप्त करने में मदद करती है? उदाहरण के साथ व्याख्या करें।

अथवा

भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यों का विश्लेषण कीजिए।

28. "गठबंधन सरकार के दौर में भारत में संघीय ढांचा मजबूत हुआ है।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं? व्याख्या करें ।

अथवा

क्षेत्रीय पार्टियों का क्या अर्थ है? क्षेत्रीय पार्टी के रूप में मान्यता पाने के लिए कौन-कौन सी स्थितियाँ आवश्यक हैं?

29. किसी भी पांच सामाजिक और प्रशासनिक सुधारों की व्याख्या करें जिसे नेपोलियन द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों में लागू किया गया।

30. क्या आपको लगता है कि आर्थिक क्रियाकलापों का प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रकों में विभाजन उपयोगी है? व्याख्या करें कि यह कैसे उपयोगी है?

31. उन उपायों का वर्णन करें जिसके द्वारा उद्योगों के द्वारा की जा रही पर्यावरणीय क्षति को कम किया जा सकता है।

## खण्ड 'ड'

**(मानचित्र कार्य)**

32(A) दो स्थान A और B के रूप में भारत के दिए गए राजनीतिक मानचित्र पर दर्शाया गया है। निम्नलिखित जानकारी के आधार पर इन जगहों का पहचान करें।

a) i) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकांड की घटना हुई थी।

ii) वह स्थान जहाँ सितम्बर 1920 में काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था।


32(B). निम्नलिखित में से किसी भी तीन को भारत के मानचित्र पर दर्शाइए-

I. मुंबई(बॉम्बे) सूती वस्त्र मिल
II. भाखरा नांगल बाँध
III. सलेम लौह इस्पात केंद्र
IV. गाँधीनगर सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क
V. राजा सांसी हवाई पत्तन

निम्नलिखित प्रश्न सिर्फ दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए है। निम्नलिखित में से किसी भी पाँच प्रश्नों का उत्तर दें।

a) वह स्थान जहाँ चौरी- चौरा की घटना हुई थी।
b) वह स्थान जहाँ सितम्बर 1920 में काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था।
c) मुंबई(बॉम्बे) सूती वस्त्र मिल किस राज्य में स्थित है?
d) भाखरा नांगल बाँध किस राज्य में स्थित है?
e) सलेम लौह इस्पात केंद्र किस राज्य में स्थित है?
f) गाँधीनगर सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क किस राज्य में स्थित है?
g) राजा सांसी हवाई पत्तन किस राज्य में स्थित है?

प्रश्न संख्या 32:-



INDIA POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES
भारत राजनैतिक और पड़ोसी देश
Tropic of Cancer
© Government of India Copyright, 2019.
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)